THE EDUCATION STATE

EARLY CHILDHOOD

पारगमन (ट्रांज़िशन): स्कूल के लिए एक सकारात्मक शुरुआत

पारगमन शिक्षण और विकास वक्तव्य को पूरा करने में परिवारों की सहायता के लिए दिशानिर्देश।

स्कूल के लिए एक सकारात्मक शुरुआत महत्वपूर्ण क्यों है?

स्कूल के लिए एक सकारात्मक शुरुआत आपके बच्चे/आपकी बच्ची को बेहतर शिक्षण और कल्याण के परिणामों की ओर ले जाती है। यह:

- उनके सीखने और विकास में व्यवधान न पड़ने का प्रयास करती है
- आपके बच्चे/आपकी बच्ची को सुरक्षित, आत्मविश्वासी और संलग्न महसूस करने में सहायता देती है
- कठिनाई से उभरने की क्षमता को बढ़ावा देती है।

पारगमन शिक्षण और विकास वक्तव्य क्या है?

जब बच्चा/बच्ची आरंभिक बचपन की (एर्ली चाइल्डहुड) सेवा से स्कूल में प्रवेश करता/करती है, तो पारगमन शिक्षण और विकास वक्तव्य (जिसे पारगमन वक्तव्य के रूप में जाना जाता है) को हरेक बच्चे/बच्ची के लिए लिखा जाता है। पारगमन वक्तव्य से सेवाओं, स्कूलों और परिवारों के बीच जानकारी साझा करने में आसानी होती है।

आपके बच्चे/आपकी बच्ची का पारगमन वक्तव्य आपके बच्चे/आपकी बच्ची के पारगमन विवरण में निम्नलिखित शामिल होगा:

- आपके बच्चे/आपकी बच्ची का नाम, जन्म तिथि और फोटो
- आपका नाम और संपर्क विवरण
- आरंभिक बचपन सेवा और अन्य आरंभिक बचपन व्यावसायिकों के नाम व संपर्क विवरण, जो आपके बच्चे/आपकी बच्ची को समर्थन दे रहे हैं।
- आपके बच्चे/आपकी बच्ची के हित, कुशलताएँ और क्षमताएँ
- आपके बच्चे/आपकी बच्ची के सीखने को समर्थन देने के लिए शिक्षा कार्यनीतियाँ।

इस जानकारी से आपके बच्चे/आपकी बच्ची के प्रेप शिक्षक/शिक्षिका को आपके बच्चे/आपकी बच्ची को जानने तथा उसके सीखने की योजना बनाने में सहायता मिलती है। जब आपका बच्चा/आपकी बच्ची स्कूल शुरू करता/करती है, तो पारगमन वक्तव्य से आपको भी उसके सीखने के बारे में समझने, इसे समर्थन देने, व इसके बारे में बातचीत करने में सहायता मिल सकती है।

यदि आपका बच्चा/आपकी बच्ची Outside School Hours Care (OSHC) में जाता/जाती है, तो OSHC सेवा को भी पारगमन वक्तव्य की एक प्रति दी जाएगी।

आपके बच्चे/आपकी बच्ची का पारगमन वक्तव्य इन बातों में सहायता करता है:

- अपने बच्चे/अपनी बच्ची के हितों की योजना बनाने में
- आरंभिक बचपन सेवा से स्कूल में सहज पारगमन के लिए आपके बच्चे/आपकी बच्ची को समर्थन देने में।

पारगमन वक्तव्य में आपके विचार

आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची के पारगमन वक्तव्य में योगदान देकर उसे स्कूल के लिए सकारात्मक शुरुआत करने में सहायता दे सकते/सकती हैं।

पारगमन वक्तव्य में अलग-अलग लोगों द्वारा भरने के लिए अनुभाग हैं:

अनुभाग 1 और 1.1 आपके बच्चे/आपकी बच्ची के आरंभिक बचपन शिक्षक/शिक्षिका द्वारा पूरा किए जाते हैं।

यदि आपका बच्चा/आपकी बच्ची विकासात्मक देरी या विकलांगता से ग्रस्त है, तो अनुभाग 1.2 को आपके बच्चे/आपकी बच्ची के आरंभिक बचपन के शिक्षक/शिक्षिका द्वारा पूरा किया जा सकता है। आपके बच्चे/आपकी बच्ची का समर्थन करने देने वाले अन्य आरंभिक बचपन के व्यावसायिक भी योगदान दे सकते हैं।

अनुभाग 2: बच्चा को आपकी या आरंभिक बचपन के शिक्षक/शिक्षिका जैसे किसी परिचित वयस्क की सहायता से आपके बच्चे/आपकी बच्ची द्वारा पूरा किया जाता है।

अनुभाग 3: परिवार आपके भरने के लिए है। इसमें इन बातों के बारे में आपके महत्वपूर्ण विचार पूछे जाते हैं:

- आपके बच्चे/आपकी बच्ची की रुचियाँ
- स्कूल में आपके बच्चे/आपकी बच्ची के लिए आपकी आशाएँ, इच्छाएँ और लक्ष्य।

यह जानकारी आपके बच्चे/आपकी बच्ची के शिक्षक/शिक्षिका (और उसके OSHC शिक्षक/शिक्षिका, यदि कोई हो) को आपके और आपके बच्चे/आपकी बच्ची के साथ संवाद करने में तथा उसके सीखने और विकास का समर्थन करने में सहायता दे सकती है।

इसके बाद क्या होता है?

अपने पूरे भरे अनुभाग 3 को (और यदि आपने अपने बच्चे/अपनी बच्ची को अनुभाग 2 को भरने में सहायता दी है, तो इसे भी) उसके आरंभिक बचपन के शिक्षक/शिक्षिका के पास वापिस करें।

वे पारगमन वक्तव्य के सभी अनुभागों को साथ मिलाकर इन लोगों को एक-एक प्रति प्रदान करेंगे:

- आपको
- आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्कूल को
- आपके बच्चे/आपकी बच्ची की OSHC सेवा को, यदि कोई हो।

यदि आपने अभी तक स्कूल का चयन नहीं किया है, तो आपको पारगमन वक्तव्य की एक अन्य प्रति भी दी जाएगी। अपने बच्चे/अपनी बच्ची को भर्ती करते समय आप यह प्रति स्कूल को दे सकते/सकती हैं।

यदि आप अनुभाग 3 वापस नहीं करते/करती हैं, तो भी आरंभिक बचपन के शिक्षक/शिक्षिका बाकी भरे पारगमन वक्तव्य को आपके, आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्कूल और उसकी OSHC सेवा के साथ साझा करेंगे, यदि कोई हो तो।

पारगमन वक्तव्य में जानकारी साझा करने से बच्चों को सफलतापूर्वक स्कूल में पारगमन करने में सहायता मिलती है। लेकिन यदि आप पारगमन विवरण को अपने बच्चे/अपनी बच्ची के स्कूल के साथ साझा नहीं किया जाना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया उसके आरंभिक बचपन शिक्षक/शिक्षिका के साथ बात करें।

कभी-कभी विक्टोरिया के शिक्षण और देखभाल व्यावसायिकों को बच्चे/बच्ची के कल्याण या सुरक्षा के संरक्षण के लिए जानकारी साझा करने की आवश्यकता होती है। आपकी आरंभिक बचपन की शिक्षा सेवा आपके बच्चे/आपकी बच्ची और परिवार के बारे में जानकारी को आवश्यकतानुसार साझा कर सकती है, ताकि वह अपने देखभाल के कर्तव्य, भेदभाव विरोध, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा बच्चे के कल्याण और सुरक्षा के दायित्वों के अपने कर्तव्य को पूरा कर सके। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.vic.gov.au/information-sharing-schemes-and-the-maram-framework पर जाएँ।

और अधिक जानकारी के लिए

कृपया वेबसाइट www.education.vic.gov.au/transitiontoschool पर जाएँ।

यह पत्रक वेबसाइट www.education.vic.gov.au/transitiontoschool पर कई भाषाओं में उपलब्ध है।